समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# *स्वच्छता प्रेरणा महोत्सव के तहत आज होगा प्लॉग रन*

***प्लॉग रन की सभी व्यवस्था समय पर करने के निगम आयुक्त श्री झारिया ने दिये निर्देश***

रतलाम 24 दिसम्बर । स्वच्छ सर्वेक्षण–2022 के तहत 25 दिसम्बर शनिवार को प्रेरणा कार्यशाला के तहत प्लॉग रन का आयोजन प्रातः 8 बजे से किया गया है इसके पश्चात् श्री कालिका माता परिसर में स्वच्छता चैंपियनों का सम्मान होगा व 12 बजे से माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान के उद्बोधन का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया जायेगा।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण–2022 अन्तर्गत 25 दिसम्बर शनिवार को प्रेरणा कार्यशाला के तहत प्लॉग रन की शुरूआत प्रातः 8 बजे न्यू कलेक्टोरेट कार्यालय से होगी। प्लॉग रन न्यू कलेक्टोरेट से फव्वारा चौक, फव्वारा चौक से स्टेट बैंक तिराहा, लोकेन्द्र भवन रोड, महाराजा सज्जन सिंह प्रतिमा, अम्बेडकर सर्कल, मेंहदी कुई बालाजी मंदिर, गुलाब चक्कर होते हुए श्री कालिका माता परिसर पंहूचेगी जहां प्लॉग रन का समापन होगा। प्लॉग रन में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी, शिक्षक–शिक्षिकाऐं व नागरिक सम्मिलित होगें। प्लॉग रन के पश्चात श्री कालिका माता परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता चैंपियनों के सम्मान के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके पश्चात् 12 बजे से माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान के उद्बोधन का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया जायेगा।

प्लॉग रन की सभी व्यस्थाऐं समय पर पूर्ण किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर साफ–सफाई, पेयजल सहित अन्य सभी व्यवस्थाऐं समय–सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये।

आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री सर्वश्री एम.क. जैन, अरविन्द दशोत्तर, सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री सर्वश्री राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष परिहार, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, निज सहायक श्री सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, झोन प्रभारी सर्वश्री पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान आदि उपस्थित थे।

# *लच्छू कबाड़ी व दो अन्य के कबाड़ गोदाम हटाये*

***ज्वलनशील पदार्थ व कबाड़ के व्यापारी शहर से अपने गोडाउन तत्काल हटा लें***

रतलाम 24 अक्टूबर । रतलाम शहर में मोहन नगर व लक्कड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविष्य में ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें हटाये जाने हेतु दिये गये नोटिस के बाद भी गोदाम नहीं हटाने पर गोदाम हटाने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा प्रारंभ करते हुए वेदव्यास कालोनी क्षेत्र में लच्छू कबाड़ी के 10 हजार स्क्वेयर फीट के गोडाउन को हटाने के साथ ही हाट रोड क्षेत्र से 2 कबाड़ियों के गोडाउन हटाये गये।

ज्ञातव्य है कि कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार शहर से कबाड़ व ज्वलनशील पदार्थो के गोडाउन हटाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा सर्वे किया गया था सर्वे उपरान्त गोडाउन मालिको शहर से गोडाउन हटाने हेतु नोटिस जारी किया गया था तद् उपरान्त भी गोडाउन नहीं हटाये जाने पर नगर निगम, जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा

